दिन– सोमवार | दिनांक– 05/01/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पच्चीस फसलों की एक सौ चौरासी नई किस्में जारी की। चावल उत्पादन के क्षेत्र में भारत ने चीन को पीछे छोड़ा।

02. राज्य के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र–सीएचसी स्पेशियलिटी अस्पताल में बदले जायेंगे। स्वास्थ्य सेवाओं में होगा गुणवत्तापूर्ण सुधार।

03. प्रदेश के विभिन्न भागों से छह राज्यों के लिए दो सौ पैंतीस मार्गों पर दो सौ एसी, चार सौ नॉन–एसी और लग्जरी बसों का परिचालन होगा शुरू।

04. और, पूरा प्रदेश कड़ाके की ठंड की चपेट में। अगले पांच दिन ठंड से राहत के आसार नहीं। मौसम विभाग ने आज चौबीस जिलों में घने कोहरे के साथ कोल्ड–डे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया।

---

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की ओर से विकसित पच्चीस फसलों की एक सौ चौरासी नई किस्में जारी की है। इनमें धान की साठ, मक्का की पचास और तिलहन की तेरह किस्में शामिल हैं। इस अवसर पर श्री चौहान ने कहा कि भारत ने अपनी खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित कर ली है। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में तीन हजार दो सौ से अधिक नई बीज किस्में विकसित की गई हैं। श्री चौहान ने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है कि शुरू की गई विभिन्न योजनाएं तीन वर्षों के भीतर देशभर के किसानों तक पहुंचे। कृषि मंत्री ने बताया कि सरकार ने राज्यों के लिए कृषि कार्य योजना तैयार करने के लिए राष्ट्रीय रबी और खरीफ सम्मेलनों से पहले क्षेत्रीय सम्मेलनों के लिए छह क्षेत्र बनाए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार संसद के आगामी सत्र में बीज विधेयक पेश करने पर विचार कर रही है।

---

कृषि मंत्री ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि ये नई प्रजातियां जल्दी जल्दी से किसानों तक पहुंचे। कृषि मंत्री ने कहा कि इनसे किसानों को अधिक उपज और बेहतर गुणवत्ता की फसल प्राप्त करने में मदद मिलेगी। श्री चौहान ने देश को आत्म–निर्भर बनाने के लिए कृषि वैज्ञानिकों से दलहन और तिलहन का उत्पादन बढ़ाने पर ध्यान देने को कहा। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि भारतीय

कृषि अनुसंधान परिषद की समन्वित परियोजनाओं, राज्य और केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालयों तथा निजी बीज़ कंपनियों के सामूहिक प्रयासों से संभव हुई है।

---

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि वर्ष दो हजार पच्चीस में भारत का चावल उत्पादन डेढ सौ मिलियन टन से अधिक रहा है। श्री चौहान ने कहा कि भारत ने चावल उत्पादन के मामले में चीन को पीछे छोड़ पहले नम्बर पर पहुंच गया है।

———बाइट———

चावल के उत्पादन में भारत ने चीन को पीछे छोड़ दिया हम नंबर–1 बन गये। इस साल हमारा उत्पादन 150.18 मिलियन टन और चीन का 145.28 मिलियन टन। ये चीन को पीछे छोडना एक असाधारण उपलब्धि है, हमारी खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करके हमने अन्न के भंडार भर दिये हैं। हम अब मांगने वाले नहीं दुनिया को चावल देने वाले देश हैं।

---

राज्य में धान खरीद की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। सहकारिता विभाग ने राज्य भर में धान खरीद का आंकड़ा जारी किया है। इसके अनुसार चार जनवरी तक ग्यारह लाख सड़सठ हजार दो सौ दस मिट्रिक टन धान खरीदी की जा चुकी है। विभाग के अनुसार रोहतास जिले में सबसे अधिक एक लाख पांच हजार मिट्रिक टन से अधिक धान की खरीद गई है। वहीं, सुपौल जिला इकहत्तर हजार आठ सौ तेइस मिट्रिक टन की खरीद के साथ दूसरे स्थान और औरंगाबाद साठ हजार चार सौ पच्चासी मिट्रिक टन खरीद कर तीसरे स्थान पर है। सबसे कम धान की खरीद खगड़िया और बेगूसराय जिले में हुई है। इस वर्ष छत्तीस लाख पचासी हजार मिट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य रखा गया है।

---

राज्य के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र–सीएचसी को स्पेशियलिटी अस्पताल और सदर अस्पतालों को सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में बदला जाएगा। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने बताया कि इस योजना से प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्तापूर्ण सुधार होगी। उन्होंने कहा कि योजना को लागू करने के लिए जिला स्तर पर कमिटियों का गठन किया गया है। सचिव ने कहा कि पूरी प्रक्रिया को लागू करने के लिए अठारह प्रकोष्ठ बनाए गए हैं, जो अपने–अपने जिलों का दौरा कर एक रिपोर्ट विकास आयुक्त को देंगे। रिपोर्ट के आधार पर सरकार आवश्यक बजट और संसाधनों का आवंटन करेगी।

---

परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि छह राज्यों के लिए दो सौ पैंतीस मार्गों पर बसों का परिचालन शुरू किया जाएगा। एक रिपोर्ट...

–––रिपोर्ट–––

विभिन्न राज्यों से सड़क संपर्क बढ़ाने के लिए प्रदेश के विभिन्न भागों से बसों का संचालन किया जाएगा। परिवहन विभाग ने जानकारी दी है कि दो सौ एसी, चार सौ नॉन–एसी और लग्जरी बसे चलाई जायेंगी। इसके साथ ही पचास हजार से अधिक आबादी वाले प्रखंडों को भी बस सुविधा से जोड़ा जाएगा। बिहार–नेपाल के बीच भी लग्जरी बस का परिचालन होगा। इसके लिए योजना तैयार की जा रही है। राज्य के उन्नीस प्रमुख बस डीपो में जीविका दीदी की रसाई के अंतर्गत कैंटिन खोला जाएगा। पहले चरण में बांकीपुर, आरा, छपरा, सीवान, दरभंगा मुंगेर और पूर्णिया समेत उन्नीस जिलों के बस डीपो में यह सुविधा लोगों को मिलने लगेगी। आकाशवाणी समाचार के पटना से अनुपम कुमार।

---

वर्ष दो हजार पच्चीस देश की विकास यात्रा में महत्वपूर्ण अध्याय साबित हुआ है। इस दौरान नीतियां प्रगति में और संकल्प प्रभाव में बदला है। विशेष श्रृंखला सुधारों का वर्ष में आज ऊर्जा क्षेत्र में पिछले वर्ष हुई प्रगति की चर्चा। एक रिपोर्ट...

–––रिपोर्ट–––

---

उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा आज भागलपुर में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से जुड़ी आम लोगों की शिकायतों की सुनवाई करेंगें। जिलाधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चौधरी ने बताया है कि उपमुख्यमंत्री विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी करेंगे।

---

पूरा प्रदेश कड़ाके की ठंड की चपेट में है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के उत्तरी, दक्षिण–मध्य और दक्षिण–पश्चिम भागों में कुछ जगहों पर शीतदिवस की स्थिति बनी हुई है। वहीं, प्रदेश के कई स्थानों पर आज भी घना कुहासा छाया हुआ है। मौसम विभाग ने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले पांच दिनों तक ठंड से राहत की संभावना

नहीं है। विभाग ने आज उत्तर–बिहार के चौबीस जिलों में घने कोहरे के साथ कोल्ड–डे को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

———बाइट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान सबसे कम न्यूनतम तापमान आठ दशमलव दो डिग्री सेल्सियस छपरा में दर्ज किया गया।

---

घने कोहरे से दृश्यता अत्यंत कम होने के कारण सड़क, रेल और हवाई यातायात प्रभावित हुआ है। लम्बी दूरी की कई रेलगाड़ियां अपने निर्धारित समय से काफी देर से चल रही हैं। वहीं, पटना, दरभंगा और पूर्णिया हवाई अड्डे से कई उड़ानों को रिशेड्यूल किया गया है। कल एक जोड़ी विमान रद्द रहा, जबकि इकतीस जोड़ी विमान विलंब से आए और गये।

---

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति दस से बीस जनवरी के बीच इंटरमिडिएट की प्रायोगिक परीक्षा का आयोजन करेगा। बोर्ड के अनुसार प्रायोगिक परीक्षा की तिथि और समय विद्यालय अपने स्तर पर करेंगे। इसके साथ ही सैद्धांतिक परीक्षा का प्रवेश पत्र सोलह जनवरी को जारी होगा। इधर, पाचवीं सक्षमता परीक्षा में शामिल होने के लिए नियोजित शिक्षक नौ जनवरी तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

---

**और अब खेल की खबरें...**

नेपाल के काठमांडू में खेली जा रही अंतरराष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन श्रृखंला के पुरूष और महिला वर्ग के मुकाबलें में भारतीय टीम ने नेपाल को पराजित किया। सिरीज में तीन टेस्ट मैचों की श्रृखंला में भारत ने दो–शून्य की अजय बढ़त बना ली है।

---

मध्य प्रदेश के ग्वालियर में खेली जा रही उनहत्तरवीं राष्ट्रीय स्कूल हॉकी प्रतियोगिता के अंडर–नाइंटिन बालिका वर्ग में बिहार ने दोहरी जीत दर्ज की है। पहले मैच में राजस्थान को तीन–शून्य से, जबकि दूसरे मैच में केरल को दो–शून्य से पराजित किया।

---

सारण के गम्हरिया में खेले गए अंतराज्ययी महिला फुटबॉल मुकाबले में बिहार ने उत्तर प्रदेश को दो–शून्य से पराजित कर दिया।

---

सीवान के जीरादेई में खेली गई इक्कीसवी बिहार राज्य जूनियर बालक कबड्डी प्रतियोगिता का खिताब बक्सर ने जीत लिया है। फाइनल मुकाबले में बक्सर ने बेगूसराय को तीस–चौबीस से पराजित कर दिया।

---

पटना की मधु शर्मा को अमेच्योर बेसबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया का उपाध्यक्ष चुना गया है।

---

पटना जिले के गौरीचक थाना क्षेत्र में पुलिस ने पैसा लेकर जमीन हथियाने वाले गिरोह के ग्यारह अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से दो देशी पिस्तौल, सात कारतूस, तेरह बोतल शराब और चोरी की दो मोटरसाईकिल बरामद की गई है। इधर, पटना पुलिस ने अभियान चलाकर विभिन्न थाना क्षेत्रों से पिछले चौबीस घंटों के दौरान विभिन्न मामलों के एक सौ आठ आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पटना जिले के परसा बाजार थाना क्षेत्र से पुलिस ने मादक पदार्थ के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। वहीं, शाहजहांपुर थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक होमगार्ड जवान समेत दो लोगों को एक पिस्तौल और पांच कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

---

मुजफ्फरपुर जिले की पुलिस ने वैशाली पुलिस के साथ संयुक्त अभियान में दो कुख्यात नक्सली लखेन्द्र सहनी और राम नारायण सहनी को गिरफ्तार किया है। दोनों नक्सली पिछले आठ सालों से फरार घोषित थे।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति की गिरफ्तारी पर लिखा है – वेनेजुएला में अमेरिकी कार्रवाई पर दुनिया बंटी। मादुरो को हथकड़ी लगाकर न्यूयार्क लाया गया। रूस–चीन ने तुरंत रिहा करने को कहा।

दैनिक जागरण की बड़ी खबर है – टी–ट्वेंटी विश्वकप खेलने भारत नहीं आएगी बांग्लादेश की टीम।

प्रभात खबर लिखता है – बिहार में सांसदों के गोद लिये गांव में ग्यारह सालों से तय छह हजार दो सौ अड़सठ में से दो हजार छह सौ बीस योजनाएं होंगी बंद।

दैनिक भास्कर की विशेष रिपोर्ट है – वर्ष दो हजार पच्चीस में कई महत्वपूर्ण फैसलों और घटनाओं का गवाह बना पटना सिविल कोर्ट।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पच्चीस फसलों की एक सौ चौरासी नई किस्में जारी की। चावल उत्पादन के क्षेत्र में भारत ने चीन को पीछे छोड़ा।

02. राज्य के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र–सीएचसी स्पेशियलिटी अस्पताल में बदले जायेंगे। स्वास्थ्य सेवाओं में होगा गुणवत्तापूर्ण सुधार।

03. प्रदेश के विभिन्न भागों से छह राज्यों के लिए दो सौ पैंतीस मार्गों पर दो सौ एसी, चार सौ नॉन–एसी और लग्जरी बसों का परिचालन होगा शुरू।

04. और, पूरा प्रदेश कड़ाके की ठंड की चपेट में। अगले पांच दिन ठंड से राहत के आसार नहीं। मौसम विभाग ने आज चौबीस जिलों में घने कोहरे के साथ कोल्ड–डे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।